NSW GOVERNMENT

विद्यार्थी आचार-संहिता

विद्यार्थियों और अभिभावकों तथा देखभालकर्ताओं के लिए जानकारी।

NSW के सरकारी स्कूलों में हर किसी का स्वागत है और हर कोई शिक्षा-प्राप्ति के सर्वोत्तम मानकों के लिए प्रयास करता है।

यह संहिता NSW के सभी सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए है। यह सभी स्कूली गतिविधियों पर लागू है, स्कूली स्थल पर और स्कूली स्थल के बाहर, इसमें ऑनलाइन गतिविधियाँ और यह बात शामिल है कि विद्यार्थी किस प्रकार व्यक्तिगत तौर पर तथा दूसरे विद्यार्थियों, टीचरों, स्कूली कर्मचारियों और समुदाय के सदस्यों के साथ व्यवहार करते हैं।

मैं **सम्मानजनक, जिम्मेदार और सुरक्षित** रहकर, तथा टीचर और कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करके संहिता का अनुपालन करता/ती हूँ।

हर किसी का सम्मान करें

इसका अर्थ है दूसरों का ध्यान रखना और उनकी बात समझना ताकि हर कोई यह महसूस करे कि उनका आदर-सम्मान किया जाता है और उन्हें शामिल किया जाता है।

मैं:

- सम्मानपूर्वक बात सुनूँगा/गी और अपनी बात कहूँगा/गी
- दूसरों को उनकी शिक्षा-प्राप्ति पर ध्यान केन्द्रित करने दूँगा/गी
- हर किसी की कदर करूँगा/गी और उन्हें शामिल करूँगा/गी और निष्पक्षता से उनके साथ व्यवहार करूँगा/गी
- हमारे स्कूली परिवेश की देखरेख करूँगा/गी
- सही ढंग से और गर्व के साथ स्कूल की युनिफॉर्म पहनूँगा/गी।

जिम्मेदार होना

इसका अर्थ है हमारे द्वारा उठाए जाने वाले कदमों के साथ सावधानी बरतना ताकि हर कोई सीख सके और साथ-साथ चल सके।

मैं:

- अगर हो सके तो रोज़ स्कूल आऊँगा/गी, समय पर स्कूल और कक्षा में पहुँचूँगा/गी, जिन चीज़ों की मुझे आवश्यकता होगी उन्हें साथ लाऊँगा/गी, और सीखने के लिए तैयार रहूँगा/गी
- स्कूल और कक्षा के नियमों और रूटीन का पालन करूँगा/गी
- टैक्नोलॉजी का प्रयोग सुरक्षित ढंग से और शिक्षा-प्राप्ति के लिए करूँगा/गी
- अपने स्कूल के काम को पूरा करूँगा/गी, अपनी सर्वश्रेष्ठ कोशिश करूँगा/गी और जब मुझे ज़रूरत होगी तो सहायता के लिए निवेदन करूँगा/गी
- जहाँ हो सके, दूसरों की सहायता करूँगा/गी
- अपनी गलतियों से सीखूँगा/गी और सुधार करने की कोशिश करूँगा/गी।

सुरक्षित रहना

इसका अर्थ है अपनी और दूसरी की देखभाल करना ताकि हमारे स्कूल में हर कोई सुरक्षित रह सके|

मैं:

- टीचरों और स्कूल के कर्मचारियों के निर्देशों का पालन करूँगा/गी
- दूसरों के निजी स्थान, गोपनीयता और सामान का सम्मान करूँगा/गी
- यदि कोई असुरक्षित महसूस करेगा या किसी के साथ अनुचित व्यवहार किया जाएगा तो मैं आवाज उठाऊँगा/गी और सहायता के लिए निवेदन करूँगा/गी
- मतभेदों का शांतिपूर्वक और निष्पक्षता से समाधान करूँगा/गी|

हर किसी को सुरक्षित रखने के लिए, मैं:

- किसी के साथ इस आधार पर अनुचित व्यवहार नहीं करूँगा/गी कि वे कौन हैं या क्या उन्हें मुझसे अलग बनाता है
- किसी के साथ हिंसात्मक, नुकसानदायक, धमकी-भरा, उत्पीडनपूर्ण या बुलिंग व्यवहार नहीं करूँगा/गी, इसमें फोन, उपकरणों, कंप्यूटरों, ऑनलाइन या सोशल मीडिया के माध्यम से ऐसा करना शामिल है
- स्कूल में हथियार, मादक पदार्थ, शराब, वेप्स, ई-सिगरेट्स या तंबाकू नहीं लाऊँगा/गी|

यदि मैं ऐसे काम करता/ती हूँ, तो कर्मचारी हर किसी को सुरक्षित रखने और सीखना जारी रखने के लिए कदम उठाएँगे| इसमें निलंबन (सस्पेंशन) शामिल हो सकता है|

टीचर और स्कूल के कर्मचारी सीखने में, अच्छे विकल्प चुनने में और सुरक्षित रहने में मेरी सहायता करते हैं| मैं नियमों का पालन करूँगा/गी, दूसरों की सहायता करूँगा/गी, उनके अधिकारों का सम्मान करूँगा/गी, और हमारे स्कूल को सीखने का और अपनापन महसूस करने का एक बहुत बढ़िया स्थान बनाने के लिए अपने विचारों को साझा करूँगा/गी|

☐ मैं स्वीकार करता/ती हूँ कि मुझे विद्यार्थी आचार-संहिता मिल गई है और मैं दर्शाई गई उम्मीदों को स्वीकार करता/ती हूँ|

विद्यार्थी का नाम: ....

☐ मैं / हम स्वीकार करते हैं कि मुझे विद्यार्थी आचार-संहिता मिल गई है और दर्शाई गई उम्मीदों को स्वीकार करते हैं|

माता-पिता/देखभालकर्ता का नाम: ....

माता-पिता/देखभालकर्ता के हस्ताक्षर: ....

टेलीफोन दुभाषिया सेवा

यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया स्कूल के प्रिंसिपल को कॉल करें| यदि आपको अपनी पूछताछ के साथ सहायता के लिए किसी दुभाषिए की आवश्यकता है, तो कृपया टेलीफोन दुभाषिया सेवा को 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें|

ऑपरेटर को वह फोन नम्बर बताएँ जिस पर आप कॉल करना चाहते हैं और ऑपरेटर बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए किसी दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा| इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा|